## लायंस क्लब के वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया, लोगों से ली सुविधाओं की जानकारी

# रतलाम भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने की अनुकम्पा नियुक्ति के हितग्राहियों से चर्चा

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने रतलाम भ्रमण के दौरान लायंस क्लब में आयोजित किये गए टीकाकरण सत्र में जाकर वैक्सीन लगवा रहे हितग्राही से चर्चा की तथा यहीं पर मौजूद कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना से नियुक्ति प्राप्त हितग्राहियों से भी चर्चा की एवं उन्हें आगामी जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षाकर्मी के पद पर नियुक्त किये गए महेंद्र बाघेला से पूछा नियुक्ति में किसी तरह की परेशानी तो नही आई सब ठीक तरह से हो गया।




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम के लायंस क्लब में स्थापित किए गए वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया तथा यहां पर उन्होंने वेक्सीन लगवाने आए स्वामी देवस्वरूपानंदजी से चर्चा की तथा उनसे पूछा कि वह कौन सा डोज लगवा रहे हैं। स्वामी देवस्वरूपानंद ने बताया कि उनका यह दूसरा डोज है और उन्हें किसी तरह की कोई तकलीफ नहीं है। इसी तरह मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेटर सुश्री आरती राठौर और प्रीति गहलोत से भी चर्चा की तथा उनकी हौसला अफजाई की। मुख्यमंत्री ने रतलाम की रोबिन हुड आर्मी के कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की तथा उनसे पूछा कि वे किस तरह से गरीब लोगों की मदद करते हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री चेतन्य काश्यप, अधिकारीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक जावरा डा. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेन्द्रसिंह लुनेरा पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, जितेन्द्र गेहलोत, प्रदीप उपाध्याय, मथुरालाल डामोर, धूलजी चौधरी, निमिष व्यास, श्रीमती सीमा टांक, के.के.सिंह कालूखेडा, शैलेन्द्र डागा, नारायण मईडा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा.इन्द्रजीत बाकलवाल, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस 27/8/21

# महिलाओं के नाम पर मुफ्त में मिल रहा रसोई गैस कनेक्शन

## उज्ज्वला योजना फिर शुरू, ईकेवायसी जरूरी

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

उज्ज्वला योजना का शुभारंभ हो गया है। ऐसे परिवार जिनके पास समग्र आईडी में दर्ज किसी व्यक्ति के नाम से उज्ज्वला योजना या नार्मल गैस कनेक्शन नहीं है वे अपनी पास की गैस एजेंसी पर पहुंच योजना में गैस कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। नोडल अधिकारी अशोक मीणा ने बताया कि योजना में महिला के नाम पर गैस कनेक्शन मुफ्त में दिए जा रहे हैं। गैस कनेक्शन के लिए परिवार समग्र आईडी, 18 वर्ष से अधिक व्यक्तियों के आधार कार्ड और 14 बिंदु घोषणा पत्र वितरक के पास उपलब्ध हैं। इसे भरकर योजना में गैस कनेक्शन हासिल किया जा सकता है। ऐसे परिवार जो विस्थापित हो गए हैं और उनके परिवार में पहले से उज्ज्वला गैस कनेक्शन हैं तो ऐसे परिवार को भी इस योजना में गैस कनेक्शन दिया जा सकेगा। उनको पिछले गैस कनेक्शन के ग्राहक नंबर देना होंगे। इस योजना में गैस कनेक्शन ई-केवाईसी द्वारा ही दिए जाएंगे। इसके लिए महिला जिसके नाम से गैस कनेक्शन लेना हैं उसका मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना चाहिएं। जिसमें ई केवाईसी के लिए ओटीपी प्राप्त किया जा सके या फिर प्रत्येक वितरक के पास बायोमेट्रिक डिवाइस है जिसमें महिला को अंगूठा लगाकर भी ई केवाईसी के द्वारा गैस कनेक्शन दिया जा सकता है। भास्कर

दै. भास्कर 27/8/21

# कोरोना बहुरूपिया बीमारी है ,वैक्सीनेशन ही इसकी ढाल है

## वैक्सीन लगवाकर जिंदगी बचाएँ - मुख्यमंत्री श्री चौहान

रतलाम> मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वैक्सीनेशन के लिए घर-घर ढूंढो अभियान चलाया जाएगा। जिन व्यक्तियों ने वैक्सीनेशन नहीं करवाया है उन्हें खोजने, वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने और उनका वैक्सीनेशन कराने की जिम्मेदारी हम सभी की है। वैक्सीनेशन जिंदगी का डोज है। यह कोरोना संक्रमण से बचने का कवच है। अतः हम सब वैक्सीनेशन करवायें और अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को भी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। यह गतिविधि प्रदेश के प्रत्येक ग्राम और वार्ड में सुनिश्चित की जाए। सभी जन-प्रतिनिधि, क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य, प्रशासन का अमला, स्वयंसेवी संस्थाएँ, धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, शासकीय-अशासकीय संगठन और जागरूक नागरिक अपनी इस जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाएँ।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान को लगाया ßआई एम फुली वैक्सीनेटेडß का बैच**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जवाहर चौक, भोपाल स्थित जैन मंदिर पहुँचकर प्रदेश व्यापी टीकाकरण महाअभियान-2 का शुभारंभ किया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री प्रभुराम चौधरी, भोपाल जिले के प्रभारी नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान को मंत्री श्री विश्वास सारंग तथा मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने ßआई एम फुली वैक्सीनेटेडß का बैच लगाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में सभी को टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने का संकल्प दिलाया।

**मेरिका और ब्रिटेन में केस बढ़ रहे हैं - सतर्कता जरूरी**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना बहुरूपिया बीमारी है, यह कब बढ़ जाए यह निश्चित नहीं है, अतः लगातार सतर्कता जरूरी है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में केस बढ़ रहे हैं। देश में केरल की भी यही स्थिति है। हम पुनः कोरोना के कष्ट को झेल नहीं सकते हैं। अतः बचाव आवश्यक है। वैज्ञानिक और डॉक्टरों का मत यही है कि टीकाकरण और कोरोना अनुकूल व्यवहार से ही कोरोना से बचाव संभव है।

**निश्चिंत हो रहे लोगों को जागरूक करने के लिए आरंभ किया महाअभियान**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना पर नियंत्रण होने के कारण धीरे-धीर लोग निश्चिंत होने लगे हैं, जो उचित नहीं है। कोरोना से बचाव के लिए हमें हमारा कर्त्तव्य करना है। पहला डोज लगवाने के बाद दूसरा डोज नहीं लगवाया तो डोज बेकार हो जाएगा। अतः लोगों में जागरूकता के लिए ही टीकाकरण महाअभियान का दूसरा चरण आरंभ किया गया है। हमारा लक्ष्य है कि सितम्बर 21 तक प्रदेश के सभी पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन का पहला डोज लग जाए और दिसम्बर 21 तक सभी पात्र लोगों को वैक्सीन का दूसरा डोज भी लगे।

**डोज की कमी नहीं ,जागरूकता की कमी है**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार मानते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई 11 लाख डोज के आधार पर ही प्रदेश में दूसरा महाअभियान संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में अब डोज की कमी नहीं है पर जागरूकता की कमी है, जिसे हमें दूर करना है।

स्वतंत्र रतलाम 27/8/21

# दो घंटे का दौरे, शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का संकल्प

## मुख्यमंत्री ने आमजन, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से की चर्चा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। वैक्सीनेशन महाअभियान में दूसरे दिन गुरुवार को रतलाम आए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने लायंस हाल व अलकापुरी वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया और सामाजिक संस्थाओं, कार्यकर्ताओं सहित आमजन से चर्चा कर शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीएम ने कुल्हड़ में चाय पीकर वैक्सीन लगवाने आए लोगों से जानकारी भी ली।

हेलीकाप्टर से तय कार्यक्रम अनुसार सीए 1:20 बजे हेलीकाप्टर से बंजली हवाई पट्टी पहुंचे। यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। सीएम ने लायंस क्लब टीकाकरण सेंटर पर वैक्सीन लगवा रहे लोगों से चर्चा की। कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना में शिक्षाकर्मी के पद पर नियुक्त महेंद्र वाघेला से पूछा कि नियुक्ति में किसी तरह की परेशानी तो नही आई, सब ठीक तरह से हो गया।

मुख्यमंत्री ने वैक्सीन लगवाने आए स्वामी देवस्वरूपानंद से चर्चा की। स्वामी देवस्वरूपानंद ने बताया कि उनका यह दूसरा डोज है और कोई तकलीफ नहीं है। मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेटर आरती राठौर और प्रीति गहलोत से भी चर्चा की। रोबिन हुड आर्मी के कार्यकर्ताओं से पूछा कि वे किस तरह से गरीब लोगों की मदद करते हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामर, शहर विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा. राजेंद्र पांडेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा, राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व विधायक संगीता चारेल, जितेंद्र गेहलोत, शैलेंद्र डागा, निमिष व्यास, केके सिंह कालूखेडा, नारायण मईड़ा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

**वैक्सीन लगवाने आए लोगों के हाथ पर लगाई सील**



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का सम्मान करते हुए नागरिक। ● नईदुनिया




विधायक सभागार में बेहतर कार्य करने पर सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान। ● नईदुनिया




सलोनी मलानिया से चर्चा कर सलोनी को आशीर्वाद दिया। वैक्सीनेशन करवाने आई महिला कृतिका राजपुरोहित से चर्चा उसके हाथों पर प्रथम डोज की प्रतीक सील भी लगाई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह ने जिले के स्वयं सहायता समूह की आर्थिक गतिविधियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। करीब 3:15 बजे सीएम हेलीकाप्टर से इंदौर के लिए रवाना हो गए।

**स्वागत की होड़ में बिगड़ी व्यवस्था**

विधायक सभागृह पर सम्मान समारोह समाप्त होने के बाद सीएम का स्वागत करने वालों की भीड़ लग गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के अलग-अलग गुटों के मंच पर पहुंचने की होड़ में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन

आक्रोश देखते हुए सीएम पुलिस जवानों के पास पहुंचे और कार्यकर्ताओं को मंच पर बुलवाया।



स्वामी देवस्वरूपानंद से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान।

### सामूहिक संकल्प लेकर जुट जाएं

बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में कोरोना वैक्सीनेशन में सहयोगियों के सम्मान समारोह में सीएम ने जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों सभी से आह्वान किया कि वे रतलाम जिले को शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में जुट जाएं। 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत लोगों को सेकंड डोज भी लग जाए। सीएम ने कहा कि रतलाम में मेडिकल कालेज की स्थापना का लाभ न केवल रतलाम जिले




बल्कि मंदसौर, नीमच, झाबुआ आदि आसपास के जिलेवासियों को भी कोरोना काल में उपचार के लिए मिला है।

कोई भी पहला डोज लगवाकर निश्चित न हो जाए। दोनों डोज वैक्सीन लगने के बाद संक्रमण की गंभीरता कम हो जाएगी। विधायक काश्यप ने अपने स्वागत भाषण में विश्वास दिलाया कि रतलाम जिला सभी के समन्वित प्रयासों से शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से प्रधानमंत्री ने प्रदेश को सर्वाधिक वैक्सीन के डोज उपलब्ध कराए हैं। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

### अवैध कालोनियों के रहवासियों ने सीएम व विधायक का किया सम्मान

अवैध कालोनी के रहवासियों द्वारा विधायक सभागृह में मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित के नेतृत्व में पूर्व पार्षद सीमा टांक एवं रहवासियों ने अवैध कॉलोनी के वैधकरण की पुन: शुरुआत करने एवं संशोधित कानून पास करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। त्रिमूर्ति नगर, जीत नगर, जनता नगर, महेश नगर, निराला नगर, कोमल नगर सहित पटरी पार क्षेत्र की अन्य कालोनी के रहवासियों ने मुख्यमंत्री व विधायक काश्यप का 51 किलो वजनी हार पहनाकर अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्ष पुरोहित ने बताया कि पूर्व शासन काल में विधायक काश्यप के नेतृत्व में रतलाम में ही अवैध कालोनियों को वैध करने की शुरुआत हुई थी। कांग्रेस शासन काल में हाईकोर्ट के आदेश से यह प्रक्रिया बाद रुक गई थी। अब संशोधित कानून पास कर पुन: इस प्रक्रिया को आरंभ किया गया है। अभिनंदन के दौरान कालोनीवासी वैभव उपाध्याय, विजय पाटीदार, भीमराज नागर, विक्रम गोस्वामी, अमृत चौरसिया आदि मौजूद रहे।

राबिनहुड मिशन, सोमेश पालीवाल, लोकेश वैष्णव, वंदना गुर्जर, रतलाम ग्रामीण में बांगरोद की साधना समरथ

रियावन की संतोष सुरेश धाकड़, आलोट के बरदीचंद पाटीदार, ग्राम पंचायत डाबरिया की मुन्नीबाई, आलोट के अनिल चोपड़ा तथा भीलो की खेड़ी

**मेहनत करने वाले पीछे नहीं रहते**

अलकापुरी कम्युनिटी हाल स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर वृद्ध महिला गेंदाबाई को देख सीएम उनके पास पहुंचे। वृद्ध महिला ने वैक्सीनेशन के लिए पीएम व सीएम का आभार माना। मुख्यमंत्री ने वृद्ध महिला के लिए हाल के अंदर से वैक्सीनेटर बुलवाकर वैक्सीनेशन करवाया। ग्राम करमदी के तुलसी स्वयं सहायता समूह की कला मकवाना, लक्ष्मी मकवाना आदि महिलाओं से मुख्यमंत्री ने चर्चा की और उनके द्वारा बनाई गई चाय पीने के बाद खुश होकर कहा कि चाय

नईदुनिया

शिवराजसिंह चौहान ने लायंस हाल व अलकापुरी वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया और सामाजिक संस्थाओं, कार्यकर्ताओं सहित आमजन से चर्चा कर शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीएम ने कुल्हड़ में चाय पीकर वैक्सीन लगवाने आए लोगों से जानकारी भी ली।

हेलीकाप्टर से तय कार्यक्रम अनुसार सीए 1:20 बजे हेलीकाप्टर से बंजली हवाई पट्टी पहुंचे। यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। सीएम ने लायंस क्लब टीकाकरण सेंटर पर वैक्सीन लगवा रहे लोगों से चर्चा की। कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना में शिक्षाकर्मी के पद पर नियुक्त महेंद्र वाघेला से पूछा कि नियुक्ति में किसी तरह की परेशानी तो नही आई, सब ठीक तरह से हो गया।

मुख्यमंत्री ने वैक्सीन लगवाने आए स्वामी देवस्वरूपानंद से चर्चा की। स्वामी देवस्वरूपानंद ने बताया कि उनका यह दूसरा डोज है और कोई तकलीफ नहीं है। मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेटर आरती राठौर और प्रीति गहलोत से भी चर्चा की। रोबिन हुड आर्मी के कार्यकर्ताओं से पूछा कि वे किस तरह से गरीब लोगों की मदद करते हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामर, शहर विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा, राजेंद्र पांडेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा, राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व विधायक संगीता चारेल, जितेंद्र गेहलोत, शैलेंद्र डागा, निमिष व्यास, केके सिंह कालूखेडा, नारायण मईड़ा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

**वैक्सीन लगवाने आए लोगों के हाथ पर लगाई सील**

मुख्यमंत्री ने सेंटर पर वैक्सीनेटर लालकुंवर राठौर तथा सोनाली पंड्या व टीका लगवाने आई निराला नगर की सलोनी मलानिया से चर्चा कर सलोनी को आशीर्वाद दिया। वैक्सीनेशन करवाने आई महिला कृतिका राजपुरोहित से चर्चा उसके हाथों पर प्रथम डोज की प्रतीक सील भी लगाई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह ने जिले के स्वयं सहायता समूह की आर्थिक गतिविधियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। करीब 3:15 बजे सीएम हेलीकाप्टर से इंदौर के लिए रवाना हो गए।

**स्वागत की होड़ में बिगड़ी व्यवस्था**

विधायक सभागृह पर सम्मान समारोह समाप्त होने के बाद सीएम का स्वागत करने वालों की भीड़ लग गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के अलग-अलग गुटों के मंच पर पहुंचने की होड़ में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्वागत के लिए कुछ लोग पहुंच गए और कुछ को पुलिस ने रोक लिया। इससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। आक्रोश देखते हुए सीएम पुलिस जवानों के पास पहुंचे और कार्यकर्ताओं को मंच पर बुलवाया।



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का सम्मान करते हुए नागरिक। •नईदुनिया



विधायक सभागार मे बेहतर कार्य करने पर सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान। •नईदुनिया






स्वामी देवस्वरूपानंद से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान।

## सामूहिक संकल्प लेकर जुट जाएं

बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में कोरोना वैक्सीनेशन में सहयोगियों के सम्मान समारोह में सीएम ने जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों सभी से आह्वान किया कि वे रतलाम जिले को शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में जुट जाएं। 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत लोगों को सेकंड डोज भी लग जाए। सीएम ने कहा कि रतलाम में मेडिकल कालेज की स्थापना का लाभ न केवल रतलाम जिले बल्कि मंदसौर, नीमच, झाबुआ आदि आसपास के जिलेवासियों को भी कोरोना काल में उपचार के लिए मिला है। कोई भी पहला डोज लगवाकर निश्चित न हो जाए। दोनों डोज वैक्सीन लगने के बाद संक्रमण की गंभीरता कम हो जाएगी। विधायक काश्यप ने अपने स्वागत भाषण में विश्वास दिलाया कि रतलाम जिला सभी के समन्वित प्रयासों से शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से प्रधानमंत्री ने प्रदेश को सर्वाधिक वैक्सीन के डोज उपलब्ध कराए हैं। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोतर ने किया।




## अवैध कालोनियों के रहवासियों ने सीएम व विधायक का किया सम्मान

अवैध कालोनी के रहवासियों द्वारा विधायक सभागृह में मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित के नेतृत्व में पूर्व पार्षद सीमा टांक एवं रहवासियों ने अवैध कॉलोनी के वैधकरण की पुनः शुरुआत करने एवं संशोधित कानून पास करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। त्रिमूर्ति नगर, जीत नगर, जनता नगर, महेश नगर, निराला नगर, कोमल नगर सहित पटरी पार क्षेत्र की अन्य कालोनी के रहवासियों ने मुख्यमंत्री व विधायक काश्यप का 51 किलो वजनी हार पहनाकर अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्ष पुरोहित ने बताया कि पूर्व शासन काल में विधायक काश्यप के नेतृत्व में रतलाम में ही अवैध कालोनियों को वैध करने की शुरुआत हुई थी। कांग्रेस शासन काल में हाईकोर्ट के आदेश से यह प्रक्रिया बाद रुक गई थी। अब संशोधित कानून पास कर पुनः इस प्रक्रिया को आरंभ किया गया है। अभिनंदन के दौरान कालोनीवासी वैभव उपाध्याय, विजय पाटीदार, भीमराज नागर, विक्रम गोस्वामी, अमृत चौरसिया आदि मौजूद रहे।

**इनका किया सम्मान**

वैक्सीनेशन अभियान में बेहतर कार्य करने पर मुख्यमंत्री ने गोविंद काकानी, राबिनहुड मिशन, सोमेश पालीवाल, लोकेश वैष्णव, वंदना गुर्जर, रतलाम ग्रामीण में बांगरोद की साधना समरथ पाटीदार, डेलनपुर के दशरथ भाटी, जावरा के पवन सोनी, ढोढर की ममता, ग्राम भूतेड़ा के भरत मालवीय, ग्राम रियावन की संतोष सुरेश धाकड़, आलोट के वरदीचंद पाटीदार, ग्राम पंचायत डाबरिया की मुन्नीबाई, आलोट के अनिल चोपड़ा तथा भीलो की खेड़ी सैलाना की कंचनबाई कटारा को शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया।

**मेहनत करने वाले पीछे नहीं रहते**

अलकापुरी कम्युनिटी हाल स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर वृद्ध महिला गेंदाबाई को देख सीएम उनके पास पहुंचे। वृद्ध महिला ने वैक्सीनेशन के लिए पीएम व सीएम का आभार माना। मुख्यमंत्री ने वृद्ध महिला के लिए हाल के अंदर से वैक्सीनेटर बुलवाकर वैक्सीनेशन करवाया। ग्राम करमदी के तुलसी स्वयं सहायता समूह की कला मकवाना, लक्ष्मी मकवाना आदि महिलाओं से मुख्यमंत्री ने चर्चा की और उनके द्वारा बनाई गई चाय पीने के बाद खुश होकर कहा कि चाय बहुत अच्छी बनाई है। मेहनत करने वाले पीछे नही रहते।

नईदुनिया 27/8/21

# 964 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

नवभारत

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु राशि रूपये 10,000/- ब्याज मुक्त ऋण हेतु 2364 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसमें से 1245 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है तथा 905 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसी तरह द्वितीय कार्यशील पूंजी हेतु राशि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण हेतु 59 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसमें से 41 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है तथा 12 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र रतलाम के पथ विक्रेताओं से अपील की जाती है कि जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राशि रूपये 10,000/- का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा ऐसे पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी राशि रूपये 10,000/- का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त हो चुका है व जमा करा दिया है वे द्वितीय कार्यशील पूंजी राशि रूपये 20,000/- का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु नगर निगम के झोन कार्यालय अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अमृत सागर उद्यान व हरमाला पम्प हाउस कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें।

नवभारत 27/8/21




# प्रदेश में 30 सितम्बर तक सभी को कोविड वेक्सीन का पहला डोज लगा दिया जाएगा : शिवराजसिंह चौहान

प्रसारण न्यूज • रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में 30 सितम्बर तक 18 वर्ष से ऊपर की आयु के शत-प्रतिशत लोगों को कोविड वैक्सीन का पहला डोज लगा दिया जाएगा, इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुरुवार को रतलाम के बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में कोविड वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग करने वालों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक जावरा डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, राजेन्द्रसिंह लुनेरा भी मंचासीन थे। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य रोज किया जाएगा। जरुरत पड़ने पर बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के घर जाकर वैक्सीनेशन करने के लिए मोबाइल वैक्सीनेशन सेन्टर भी बनाए जाएंगे।

## सीएम शिवराजसिंह चौहान का हेलीपेड पर हुआ स्वागत



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार दोपहर को हेलीकॉप्टर से रतलाम पहुंचे। हेलीपैड पर प्रशासनिक अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने उनकी अगवानी की।

जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश में जारी वैक्सीनेशन महाअभियान के दूसरे दिन रतलाम के वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण करने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रतलाम पहुंचे। हेलीपैड पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रतलाम बंजली हवाई पट्टी पहुंचने पर सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, राजेंद्र पांडे,

सीएम के जाने के बाद गिरी अधिकारियों पर गाज

# स्वास्थ्य अधिकारी व जोन प्रभारी की वेतन वृद्धि रोकी, वार्ड प्रभारी निलंबित, 2 को हटाया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आने के पहले तक सफाई कार्य बेहतर नहीं हो पाया। इस दौरान निरीक्षण के समय नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया नाराज हो गए व कई वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों पर गाज गिराई है। स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश दिए है तो वार्ड प्रभारी को पद से निलंबीत कर दिया गया है। इसके अलावा दो वार्ड प्रभारी को पद से हटाकर सफाई कार्य में लगाया गया है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के जाने के बाद निगम के अधिकारियों पर गाज गिराई गई है। पत्रिका

निगम आयुक्त झारिया ने बताया सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी इसके अलावा वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया। निरीक्षण के दौरान पावर हाउस रोड, जावरा रोड, फव्वारा चौक, महू रोड पर सुबह 10.30 बजे तक गंदगी के ढेर, नालियां गंदगी से भरी हुई एवं कचरा यहां-वहां फैला हुआ पाये जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी सिंह व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी व वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया। सैलाना रोड पर सड़क के दोनो तरफ सुबह 10.30 बजे तक गंदगी पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया ने ऋषिमोहन व अर्जुन गौसर को वार्ड प्रभारी के कार्य से हटाकर सफाई कार्य हेतु पदस्थ किया।

पत्रिका 27/8/21

# वार्ड प्रभारी निलंबित, स्वास्थ्य अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकी

भास्कर

रतलाम | सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड रवि चनाल को निलंबित कर दिया है। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह और जोन प्रभारी की एक वेतनवृद्धि रोक दी है। निरीक्षण के दौरान पावर हाउस रोड, जावरा रोड, फव्वारा चौक, महू रोड पर सुबह 10.30 बजे तक गंदगी के ढेर लगे थे। इस पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा सैलाना रोड पर सड़क के दोनों तरफ सुबह 10.30 बजे तक गंदगी पड़ी थी। सफाई नहीं करने पर ऋषिमोहन व अर्जुन गौसर को वार्ड प्रभारी के कार्य से हटाकर सफाई में लगा दिया है। बुधवार और गुरुवार को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड तक 1.73 मिट्रिक टन कचरा पहुंचा है। इनमें डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉली से 82335 टन, कॉम्पेक्टर से सूखा 32595 टन, गीला कचरा 55430 टन, मैजिक से 2690 किलो कचरा पहुंचा।

दै. भास्कर 27/8/21

# वार्ड प्रभारी रवि चनाल निलंबित

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही नहीं पाए जाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह व जोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी गई। इसके अलावा वार्ड प्रभारी रवि चनाल को निलंबित किया गया। निरीक्षण के दौरान पावर हाउस रोड, जावरा रोड, फव्वारा चौक, महू रोड पर प्रात: 10:30 बजे तक गंदगी के ढेर, नालियां गंदगी से भरी हुई और कचरा यहां-वहां फैला हुआ पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी व वार्ड प्रभारी को निलंबित किया। इसके अलावा सैलाना रोड पर सड़क के दोनों तरफ प्रात: 10:30 बजे तक गंदगी पाए जाने पर ऋषिमोहन व अर्जुन गोसर को वार्ड प्रभारी के कार्य से हटाकर सफाई कार्य के लिए पदस्थ किया गया। नईदुनिया

नईदुनिया 27/8/21

# अवैध कॉलोनियों में निवासरत रहवासियों द्वारा मुख्यमंत्री व विधायक का अभिनंदन



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

अवैध कॉलोनी में निवासरत रहवासियों द्वारा विधायक सभागृह में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष मयुर पुरोहित के नेतृत्व में पूर्व पार्षद सीमा टांक एवं रहवासियों ने अवैध कॉलोनी के वैधकरण की पुनः शुरूआत करने एवं संशोधित कानून पास करने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

त्रिमूर्ति नगर, जीत नगर, जनता नगर, महेश नगर, निराला नगर, कोमल नगर सहित पटरी पार क्षेत्र की अन्य कॉलोनी के रहवासियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं विधायक श्री काश्यप का 51 किलो वजनी हार पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष श्री पुरोहित ने बताया कि पूर्व शासन काल में विधायक श्री काश्यप के नेतृत्व में रतलाम में ही अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरूआत हुई थी। कांग्रेस शासन काल में हाईकोर्ट के आदेश से यह प्रक्रिया बाद रूक गई थी। भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा संशोधित कानून पास कर पुनः इस प्रक्रिया को आरंभ करने की पहल की गई है।

इससे रतलाम सहित पूरे प्रदेश की अवैध कॉलोनियों में निवासरत हजारों परिवारों को कई लाभ मिलेंगे। अभिनंदन के दौरान कॉलोनीवासी वैभव उपाध्याय, विजय पाटीदार, भीमराज नागर, विक्रम गोस्वामी, अमृत चौरसिया, प्रकाश व्यास, राधेश्याम पाटीदार, मुकेश, रिंकू यादव, बंटी जाट, बंटी पांचाल, किशनसिंह तंवर, आरएस केसरी, मंगलसिंह पंवार, रामबाबू यादव, अर्चना पालीवाल, सरोज सोलंकी, कमल व्यास, पुष्पा शाह आदि मौजूद रहे।

प्रसारण 27/8/21

# मुख्यमंत्री ने कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति के हितग्राहियों से चर्चा की एवं आशीर्वाद दिया



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने रतलाम भ्रमण के दौरान लायंस क्लब में आयोजित किये गए टीकाकरण सत्र में जाकर वैक्सीन लगवा रहे हितग्राही से चर्चा की तथा यहीं पर मौजूद कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना से नियुक्ति प्राप्त हितग्राहियों से भी चर्चा की एवं उन्हें आगामी जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षाकर्मी के पद पर नियुक्त किये गए महेंद्र वाघेला से पूछा नियुक्ति में किसी तरह की परेशानी तो नहीं आई सब ठीक तरह से हो गया।

## लायंस क्लब के वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम के लायंस क्लब में स्थापित किए गए वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया तथा यहां पर उन्होंने वेक्सीन लगवाने आए स्वामी देवस्वरूपानंदजी से चर्चा की तथा उनसे पूछा कि वह कौन सा डोज लगवा रहे हैं। स्वामी देवस्वरूपानंद ने बताया कि उनका यह दूसरा डोज है और उन्हें किसी तरह की कोई तकलीफ नहीं है। इसी तरह मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेटर सुश्री आरती राठौर और प्रीति गहलोत से भी चर्चा की तथा उनकी हौसला अफजाई की। मुख्यमंत्री ने रतलाम की रोबिन हुड आर्मी के कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की तथा उनसे पूछा कि वे किस तरह से गरीब लोगों की मदद करते है। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री चेतन्य काश्यप, अधिकारीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक जावरा डा. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेन्द्रसिंह लुनेरा पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, जितेन्द्र गेहलोत, प्रदीप उपाध्याय, मथुरालाल डामोर, धूलजी चौधरी, निमिष व्यास, श्रीमती सीमा टांक, के.के. सिंह कालूखेडा, शैलेन्द्र डागा, नारायण मईडा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इन्द्रजीत बाकलवाल, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रसारण 27/8/21

# प्रदेश में 30 सितम्बर तक सभी को कोविड वेक्सीन का पहला डोज लगा दिया जाएगा : शिवराजसिंह चौहान

प्रसारण न्यूज • रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में 30 सितम्बर तक 18 वर्ष से ऊपर की आयु के शत-प्रतिशत लोगों को कोविड वैक्सीन का पहला डोज लगा दिया जाएगा, इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुरुवार को रतलाम के बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में कोविड वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग करने वालों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक जावरा डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, राजेन्द्रसिंह लुनेरा भी मंचासीन थे। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य रोज किया जाएगा। जरुरत पड़ने पर बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के घर जाकर वैक्सीनेशन करने के लिए मोबाइल वैक्सीनेशन सेन्टर भी बनाए जाएंगे।

रतलामवासी 30 सितम्बर तक सभी को पहला डोज लगवाएं, कोई भी शेष न रहे यह संकल्प लें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों आदि सभी का आह्वान किया कि वे रतलाम जिले को शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड जिला बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत लोगों को सेकेण्ड डोज भी लग जाए, जिससे कि सभी को कोरोना का पूरा सुरक्षा कवच मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रतलाम में मेडिकल कालेज की स्थापना की, इसका लाभ न केवल रतलाम जिले बल्कि मंदसौर, नीमच, झाबुआ आदि आसपास के जिलेवासियों को भी कोरोना काल में उपचार के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में हमने बहुत कष्ट भोगा है, अब हमको सतर्क रहना है, कोरोना से बचना है, तो सावधानी रखना पड़ेगी। दूसरा उपाय शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन है। कोरोना से सुरक्षा कवच चाहिए तो एकमात्र उपाय है टीकाकरण।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि रतलाम में अभी 70 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ है, 30 प्रतिशत शेष बचे हैं। जिले में 7.34 लाख लोगों को प्रथम डोज लगा है, जबकि 11 लाख 1 हजार लोगों को प्रथम डोज लगना है। दूसरा डोज 1 लाख 40 हजार लोगों को लगा है। उन्होंने रतलामवासियों से आह्वान किया कि कोई भी पहला डोज लगवाकर निश्चित न हो जाए। पहले के बाद दूसरा डोज लगवाना भी जरुरी है।

सुरक्षा कवच के लिए कोविड वैक्सीन के दोनों डोज लगवाना जरुरी है, जो पहले डोज से बचे हैं, वे पहला डोज लगवाएं और जिन्होंने पहला डोज लगवाया है, वे दूसरा डोज भी अवश्य लगवा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है, परन्तु दोनों डोज वैक्सीन लगने के बाद संक्रमण की गंभीरता कम हो जाएगी। किसी के परिवार में यदि कोई शेष बचा हो तो उसे भी दोनों डोज वैक्सीन के लगवाएं।

मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन के महाभियान में सक्रिय सहयोग करने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं आदि सभी को धन्यवाद देते हुए कि वे लोगों के जीवन की सुरक्षा के पुनीत कार्य में जुटे हुए हैं। आगे भी इस कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया, सांसद श्री डामोर, विधायक शहर श्री काश्यप, श्री मकवाना, डा. पाण्डेय एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। श्री काश्यप ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि टीकाकरण महाभियान में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व में देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि रतलाम जिला सभी के समन्वित प्रयासों से शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से प्रधानमंत्रीजी ने प्रदेश को सर्वाधिक वैक्सीन के डोज उपलब्ध कराए है, जिससे कि सभी प्रदेशवासी टीकाकरण करवाकर कोरोना से सुरक्षा कवच प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, जितेन्द्र गेहलोत. प्रदीप उपाध्याय, मथुरालाल डामोर, धूलजी चौधरी, निमिष व्यास, श्रीमती सीमा टांक, के.के. सिंह कालूखेड़ा, शैलेन्द्र डागा, नारायण मईड़ा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इन्द्रजीत बाकलवाल, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

## सीएम शिवराजसिंह चौहान का हेलीपेड पर हुआ स्वागत



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार दोपहर को हेलीकॉप्टर से रतलाम पहुंचे। हेलीपैड पर प्रशासनिक अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने उनकी अगवानी की।

जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश में जारी वैक्सीनेशन महाअभियान के दूसरे दिन रतलाम के वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण करने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रतलाम पहुंचे। हेलीपैड पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रतलाम बंजली हवाई पट्टी पहुंचने पर सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा आदि जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।

अलकापुरी के कम्युनिटी हॉल स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर ली चाय की चुस्की

# कुल्हड़ में चाय पीकर बोले सीएम 'बहुत स्वाद वाली है'

पत्रिका सिटी इवेंट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. वैक्सीनेशन महा अभियान के हाल जानने रतलाम पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बंजली हवाई पट्टी से अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पहुंच कर वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने कम्युनिटी हॉल परिसर में मौजूद ग्राम करमदी के तुलसी स्वयं सहायता समूह की कला मकवाना, लक्ष्मी मकवाना आदि महिलाओं से चर्चा की। इतना ही नहीं सीएम ने उनके द्वारा बनाई गई चाय कुल्हड़ में पी और खुश होकर कहा कि चाय बहुत अच्छी बनाई है। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह ने जिले के समूह की आर्थिक गतिविधियों की जानकारी दी।

सीएम ने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य रोज किया जाएगा। जरुरत पड़ने पर बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के घर जाकर वैक्सीनेशन करने के लिए मोबाइल वैक्सीनेशन सेन्टर भी बनाए जाएंगे। रतलामवासी 30 सितम्बर तक सभी को पहला डोज लगवाएं, कोई भी शेष न रहे यह संकल्प लें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों आदि सभी का आह्वान किया कि वे रतलाम जिले को शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड जिला बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में जुट जाएं।

## एकमात्र उपाय टीका

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रतलाम में मेडिकल कालेज की स्थापना की, इसका लाभ न केवल रतलाम जिले बल्कि मंदसौर, नीमच, झाबुआ आदि आसपास के जिलेवासियों को भी कोरोना काल में उपचार के लिए मिला है। कोरोना संर मण काल में हमने बहुत कष्ट भोगा है, अब हमको सतर्करहना है, कोरोना से बचना है तो सावधानी रखना पड़ेगी। कोरोना से सुरक्षा का एकमात्र उपाय है टीकाकरण।

## 30 प्रतिशत लोग बचे

सीएम ने कहा कि रतलाम में अभी 70 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ है, 30 प्रतिशत शेष बचे हैं। जिले में 7.34 लाख लोगों को प्रथम डोज लगा है, जबकि 11 लाख 1 हजार लोगों को प्रथम डोज लगना है। दूसरा डोज 1 लाख 40 हजार लोगों को लगा है। उन्होंने रतलामवासियों से आह्वान किया कि कोई भी पहला डोज लगवाकर निश्चित न हो जाए। पहले के बाद दूसरा डोज लगवाना भी जरुरी है।

## सीएम ने की युवाओं से चर्चा



बरबड़ में कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक संगीता चारेल, जितेन्द्र गेहलोत, भाजपा नेता प्रदीप उपाध्याय, पूर्व विधायक मथुरालाल डामोर, धूलजी चौधरी, भाजपा नेता निमिष व्यास, सीमा टांक, के.के. सिंह कालूखेडा, शैलेंद्र डागा, नारायण मईडा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिडे, एएसपी डॉ. इन्द्रजीत बाकलवाल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

## वैक्सीनेशन में उत्कृष्ट कार्य पर सम्मान

सीएम ने जिले में वैक्सीनेशन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। बरबड़ विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने गोविंद काकानी, रॉबिनहुड मिशन, सोमेश पालीवाल, लोकेश वैष्णव, वंदना गुर्जर, रतलाम ग्रामीण की साधना समरथ पाटीदार, डेलनपुर के दशरथ भाटी, जावरा के पवन सोनी, ढोढर की ममता, ग्राम भूतड़ा के भरत मालवीय, ग्राम रियावन की संतोष सुरेश धाकड़, आलोट के वरदीचंद पाटीदार, ग्राम पंचायत डाबरिया की मुन्नीबाई, आलोट के अनिल चोपड़ा तथा भीलो की खेड़ी सैलाना की कंचनबाई कटारा को सम्मानित किया और उनकी सेवाओं की सराहना की।

## विधायक काश्यप बोले... लक्ष्य हासिल करेगा रतलाम



शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बरबड़ स्थित मंच से स्वागत भाषण देते हुए कहा कि टीकाकरण महाभियान में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि रतलाम जिला सभी के समन्वित प्रयासों से शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से प्रधानमंत्री ने प्रदेश को सर्वाधिक वैक्सीन के डोज उपलब्ध कराए हैं, जिससे कि सभी प्रदेशवासी टीकाकरण करवाकर कोरोना से सुरक्षा कवच प्राप्त कर सकें। इनके अतिरिक्त प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, जावरा विधायक डॉ. पाण्डेय एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्रीका स्वागत किया।



विधायक काश्यप सहित अन्य से चर्चा करते सीएम चौहान।

पत्रिका 27/8/21

# नियम बनाकर अवैध कॉलोनियों को जल्दी वैध करके विकास करवाओ

## अवैध कॉलोनियों के रहवासियों ने मुख्यमंत्री व काश्यप का स्वागत कर लगाई गुहार

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

अवैध कॉलोनियों को वैध करने की फिर से शुरुआत करने के लिए संशोधित कानून पास करने पर गुरुवार को 6 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों के रहवासी भी बरबड़ विधायक सभागृह के समारोह में पहुंचे। रहवासियों ने मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित के नेतृत्व में सीमा टांक ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को रखी बांधी। विधायक चेतन्य काश्यप का स्वागत किया। साथ ही मूलभूत सुविधाओं की समस्या बताते हुए गुहार लगाई की नियम बनाकर अवैध कॉलोनियों को वैध करवाएं। इनमें त्रिमूर्ति नगर, जीत नगर, जनता नगर, महेश नगर, निराला नगर, कोमल नगर सहित पटरी पार क्षेत्र की अन्य कॉलोनी के रहवासी शामिल थे। मंडल अध्यक्ष पुरोहित ने बताया विधायक काश्यप के प्रयासों से ही प्रदेश में सर्वप्रथम रतलाम में अवैध कॉलोनियों को वैध करने की शुरुआत हुई थी। कांग्रेस शासन काल में हाईकोर्ट के आदेश से यह प्रक्रिया बाद रुक गई थी। भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री ने संशोधित कानून पास कर फिर से प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कॉलोनियों के रहवासियों में वैभव उपाध्याय, विजय पाटीदार, भीमराज नागर, विक्रम गोस्वामी, अमृत चौरसिया, प्रकाश व्यास, राधेश्याम पाटीदार, मुकेश, रिंकू यादव, बंटी जाट, बंटी पांचाल, किशन सिंह तंवर, आरएस केसरी, मंगलसिंह पंवार, रामबाबू यादव, अर्चना पालीवाल, सरोज सोलंकी, कमल व्यास, पुष्पा शाह आदि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते रहवासी।

### कई जगह हुआ स्वागत



सीएम का प्रवीण, सोनी व मित्र मंडल ने अमृत गार्डन के बाहर स्वागत किया।

प्रहलाद पटेल ने अलकापुरी चौराहा व राम मंदिर पर, प्रदीप उपाध्याय, सलीम आरिफ ने सैलाना बस स्टैंड और अशोक चौटाला ने हवाईपट्टी पर स्वागत किया। इधर एनएसयूआई ने अमृत सागर की जलकुंभी को लेकर ज्ञापन दिया। नारायण चौधरी, एसएन सोढ़ा, भूपेंद्र सिंह सिसौदिया, महेश पौराणिक, इल्यास, एमके व्यास, जनार्दन व्यास, प्रवीण जोशी, राजेश व्यास सहित अन्य मौजूद रहे।

भास्कर

दे. भास्कर 27/8/21



# प्रदेश में 30 सितम्बर तक सभी को कोविड वैक्सी
# डोज लगा दिया जाएगा-श्री शिवराजसिंह च

## मुख्यमंत्री ने रतलाम में किया कोविड वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग करने वालों का सम्मान

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में 30 सितम्बर तक 18 वर्ष से ऊपर की आयु के शत-प्रतिशत लोगों को कोविड वैक्सीन का पहला डोज लगा दिया जाएगा। इसमें कोई कसर नहीं छोडेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुरुवार को रतलाम के बरबड स्थित विधायक सभागृह में कोविड वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग करने वालों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद श्री गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर श्री चेतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण श्री दिलीप मकवाना, विधायक जावरा डा. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, श्री राजेन्द्रसिंह लुनेरा भी मंचासीन थे। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य रोज किया जाएगा। जरुरत पडने पर बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के घर जाकर वैक्सीनेशन करने के लिए मोबाइल वैक्सीनेशन सेन्टर भी बनाए जाएंगे। रतलामवासी 30 सितम्बर तक सभी को पहला डोज लगवाएं, कोई भी शेष न रहे यह संकल्प लें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों आदि सभी का आह्वान किया कि वे रतलाम जिले को शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड जिला बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत लोगों को सेकेण्ड डोज भी लग जाए, जिससे कि सभी को कोरोना का पूरा सुरक्षा कवच मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रतलाम में मेडिकल कालेज की स्थापना की, इसका लाभ न केवल रतलाम जिले बल्कि मंदसौर, नीमच, झाबुआ आदि आसपास के जिलेवासियों को भी कोरोना काल में उपचार के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में हमने बहुत कष्ट भोगा है, अब हमको सतर्क रहना है, कोरोना से बचना है तो सावधानी रखना पडेगी। दूसरा उपाय शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन है। कोरोना से सुरक्षा कवच चाहिए तो एकमात्र उपाय है टीकाकरण।

मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि रतलाम में अभी 70 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ है, 30 प्रतिशत शेष बचे हैं। जिले में 7.34 लाख लोगों को प्रथम डोज लगा है, जबकि 11 लाख 1 हजार लोगों को प्रथम डोज लगना है। दूसरा डोज 1 लाख 40 हजार लोगों को लगा है। उन्होंने रतलामवासियों से आह्वान किया कि कोई भी पहला डोज लगवाकर निश्चित न हो जाए। पहले के बाद दूसरा डोज लगवाना भी जरुरी है। सुरक्षा कवच के लिए कोविड वैक्सीन के दोनों डोज लगवाना जरुरी है जो पहले डोज से बचे हैं वे पहला डोज लगवाएं और जिन्होंने पहला डोज लगवाया है वे दूसरा डोज भी अवश्य लगवा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है, परन्तु दोनों डोज वैक्सीन लगने के बाद संक्रमण की गंभीरता कम हो जाएगी। किसी के परिवार में यदि कोई शेष बचा हो तो उसे भी दोनों डोज वैक्सीन के लगवाएं।

मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन के महाभियान में सक्रिय सहयोग करने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं आदि सभी को धन्यवाद देते हुए कि वे लोगों के जीवन की सुरक्षा के पुनीत कार्य में जुटे हुए हैं। आगे भी इस कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया, सांसद श्री डामोर, विधायक शहर श्री काश्यप, श्री मकवाना, डा. पाण्डेय एवं जनप्रति
ने अपने
मुख्यमं
दिलाया
टीकाक
कहा कि
सर्वाधि
प्रदेशवा

इस
गेहलोत,
श्री निमि
शैलेन्द्र
अधीक्षक
अपर क
इन्द्रजीत
एवं गण
दशोत्तर

# मुख्यमंत्रीजी, प्रशासनिक अमले को जनता से सीधे सारोकार का पाठ पढ़ाएं!

गोविंद उपाध्याय @ रतलाम



## मुख्यमंत्री जी के नाम रतलाम की पाती!

आज प्रदेश के मुखिया शिवराजसिंह चौहान का रतलाम आगमन हो रहा है, मुख्यमंत्री जी कोरोना को पूर्ण रुप से प्रदेश से छुटकारा चाहते है और उसमें वो सफल भी होंगे। शिवराज ने अपने 15 वर्षीय कार्यकाल में इस जिले में विकास में बहुत कुछ दिया है, मेडिकल कॉलेज हो या जिले के अलग-अलग स्थानों पर नगर परिषदों की घोषणा, महा विद्यालयों की घोषणा, तहसील स्तर पर विभिन्न सुविधाएं प्रदान की गयी है, और ये केवल घोषणा ही नहीं अपितु इनको क्रियान्वयन भी हुआ और आज विकास के साथ में सभी इन्फ्रास्ट्रक्चर दिख रहा है।

शिवराज जी, आप भी इस जिले से भली भांति परिचित है, यह रतलाम कांग्रेस शासनकाल के लम्बे कार्यकाल के समय से ही भाजपा का गढ़ रहा है और आपके उदार मन का, सरल स्वभाव का जिले की जनता ने पूरा सम्मान किया है, आपकी कार्यशैली, आपके अभिवादन... को गले लगाया है, आपके निश्छल मन, सोहार्द... सदभाव को जिले की जनता ने अपने जेहन में उतारा है, चुनाव के वक्त भी नागरिकों ने आपकी बात को कभी खाली नहीं जाने दिया और इसका एक मात्र प्रमुख कारण यह है कि यहां की जनता भी सौम्य है, सरल है, कोई उग्रता नहीं... कोई अड़ियल बाजी नहीं, शांतिप्रियता एवं समझदारी की मिसाल है रतलाम की जनता!

किन्तु इस सहजता को, इस सजगता का दुरुपयोग किया जाने लगा है, शासन-प्रशासन में बैठे लोग जनता को गौण समझने लगे है, आपका प्रशासन तंत्र एवं उसके आला अधिकारियों ने पूरी व्यवस्था को बैठक राज का रुप दे दिया है, आज कोई भी अधिकारी हो वह जनता से सीधे संबंध ही नहीं रखना चाहता, जनता तो दूर भाजपा के विधायकों एवं प्रमुख पदाधिकारियों को छोड़कर कार्यकर्ताओं तक के मिलने में परहेज समझता है। अधिकारियों ने स्वयं को ए.सी. चेम्बरों में कैद कर रखा है, उनसे सीधा संपर्क करना मतलब मंत्रियों से अथवा मुख्यमंत्री से संपर्क करने के बराबर है, बाहर चपरासियों के पहरे लगा रखे है और नाम बैठकों का लिया जाता है, कभी किसी की बैठक तो कभी वीसी तो कभी मुख्यमंत्री की बैठकों का नाम लिया जाता है, और जनता के काम होने में बहुत परेशानी आती है।

आप प्रदेश के यशस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री है और जनता राज चाहते है, आने वाले समय गांव-गांव तथा कस्बों में ही जन समस्या निपटाने की कार्ययोजना बनाने की आपकी योजना है, ऐसे में ये अधिकारी वर्ग किस प्रकार आपके मापदंड में खरे उतरेंगे, भले ही वे आपके विश्वसनीय हो, आपके द्वारा भेजे गये हो उन्हें जनता एवं जनता से जुड़े लोगों से जुड़ाव रखने के आप निर्देश नहीं देंगे तो आने वाले समय में आपके ही भाजपा संगठन व उसके कार्यकर्ताओं की नाराजगी झेलना पड़ेगी, यदि इस प्रकार की कोई आवाज आप तक पहुंचती है आप अपने संज्ञान में लेकर प्रशासन तंत्र को यह पाठ पढ़ाकर जायकी आप जनता के सेवक है... जनता के टैक्स से आपको वेतन व अन्य सुविधाएं मिलती है, उन्हें जनता से सीधे जुड़ने का ज्ञान दें और अपनी सुरक्षा एवं गोपनीयता को भुलकर साहस एवं पारदर्शिता के साथ काम करने के निर्देश दे तो जनता आपके शिव के त्रि-नेत्र खुलने का भी आगाज देख सकेगी।

सिंघम 26

सिंघम २६/८/२१

कर्मचारियों में उत्साह

# निगमकर्मियों का बढ़ाया वेतन 600 से 2 हजार तक का लाभ

पत्रिका डेटा डिकोडेड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** नगर निगम में काम करने वाले स्थायी कर्मचारिों का वेतन बढ़ाने की सिफारिश को शासन ने मंजूर कर लिया है। इससे कम से कम 600 रुपए व अधिकतम दो हजार रुपए के वेतन की वृद्धि नगर निगम रतलाम व जावरा नगर पालिका में कर्मचारियों को होगी। बता दे की लंबे समय से कर्मचारी अपने वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे है। वेतन बढ़ने की सूचना से कर्मचारियों में प्रसन्नता है।

असल में 25 अगस्त को राज्य सरकार के उपसचिव तरुण राठी ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार वित्त विभाग के 26 जुलाई के निर्देश अनुसार शासकीय सेवक को जुलाई 2021 व जनवरी 2022 में देय वार्षिक वेतन वृद्धि भुगतान करने के आदेश जारी किए है। इसके अंतर्गत अब रतलाम नगर निगम, जावरा नगर पालिका सहित सभी परिषद में काम करने वाले नियमित कर्मचारियों को जुलाई 2021 व जनवरी 2022 की वार्षिक वेतन वृद्धियां दी जाएगी।

## इस पर निर्णय नहीं

हालांकि शासन ने नगरीय निकाय के स्थायी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने का निर्णय तो ले लिया है, लेकिन वेतन वृद्धि के वित्तिय लाभ, एरियर की राशि के संबंध में अब तक निर्णय नहीं हुआ है। बताया जाता है कि इसके संबंध में अलग से निर्णय लिया जाएगा। निर्णय कब लिया जाएगा इसके बारे में फिलहाल साफ नहीं किया गया है। पत्रिका

### फैक्ट फाइल

न्यूनतम कितना वेतन बढ़ेगा -
**600** रुपए
अधिकतम कितना वेतन बढ़ेगा
**2000** रुपए
निगम में कितनों को होगा लाभ
**439** कर्मचारियों को

### और कहां होगा लाभ

जावरा नगर पालिका के अलावा जिले में सभी नगर परिषद के स्थायी कर्मचारियों को।

पत्रिका 27/8/21

# 4 लेन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

रतलाम। महाराज सज्जन सिंह प्रतिमा से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक निर्माणाधीन 4 लेन सड़क निर्माण कार्य व दो बत्ती से डाट की पुल तक बनने वाली 4 लेन सड़क का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण के दौरान दो बत्ती से डाट की पुल तक बनने वाली 4 लेन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश देकर 4 लेन सड़क की लम्बाई व चौड़ाई अनुसार नपती करवाकर चूने की लाईन डलवाकर ठेकेदार को निर्देशित किया कि यह मार्ग व्यस्ततम मार्ग है नागरिकों असुविधा ना हो इस हेतु तीव्र गति से कार्य पूर्ण करें। महाराज सज्जन सिंह प्रतिमा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक निर्माणाधीन 4 लेन सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण होकर तेजी से किया जाये ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। नवभारत

नवभारत 27/8/21

# मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग करने वालों का किया सम्मान

## बोले :प्रदेश में 30 सितम्बर तक सभी को कोविड वेक्सीन का पहला डोज लगा दिया जाएगा

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में 30 सितम्बर तक 18 वर्ष से ऊपर की आयु के शत-प्रतिशत लोगों को कोविड वैक्सीन का पहला डोज लगा दिया जाएगा। इसमें कोई कसर नहीं छोडेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुरुवार को रतलाम के बरबड स्थित विधायक सभागृह में कोविड वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग करने वालों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक जावरा डा. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेन्द्रसिंह लुनेरा भी मंचासीन थे। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य रोज किया जाएगा। जरुरत पडने पर बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के घर जाकर वैक्सीनेशन करने के लिए मोबाइल वैक्सीनेशन सेन्टर भी बनाए जाएंगे। रतलामवासी 30 सितम्बर तक सभी को पहला डोज लगवाएं, कोई भी शेष न रहे यह संकल्प लें। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत लोगों को सेकेण्ड डोज भी लग जाए, जिससे कि सभी को कोरोना का पूरा सुरक्षा कवच मिल सके। इस अवसर पर पूर्व विधायक संगीता चारेल, जितेन्द्र गेहलोत, प्रदीप उपाध्याय, मथुरालाल डामोर, धूलजी चौधरी,सीमा टांक, केकेसिंह कालूखेडा, शैलेन्द्र डागा, नारायण मईडा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इन्द्रजीत बाकलवाल, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।





### वैक्सीनेशन में उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित

मुख्यमंत्री ने रतलाम जिले में वैक्सीनेशन अभियान के तहत उत्कृष्ट करने वाला का सम्मान किया। स्थानीय बरबड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रतलाम के गोविंद काकानी, रॉबिनहुड मिशन, सोमेश पालीवाल, लोकेश वैष्णव, वंदना गुर्जर, रतलाम ग्रामीण की साधना समरथ पाटीदार, डेलनपुर के दशरथ भाटी, जावरा के पवन सोनी, ढोढर की ममता, ग्राम भूतड़ा के भरत मालवीय, ग्राम रियावन की संतोष सुरेश धाकड़, आलोट के वरदीचंद पाटीदार, ग्राम पंचायत डाबरिया की मुन्नीबाई, आलोट के अनिल चोपड़ा तथा भीलो की खेड़ी सैलाना की कंचनबाई कटारा को सम्मानित किया।

### लायंस क्लब के वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने रतलाम भ्रमण के दौरान लायंस क्लब में आयोजित किये गए टीकाकरण सत्र में जाकर वैक्सीन लगवा रहे हितग्राही से चर्चा की तथा यहीं पर मौजूद कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना से नियुक्ति प्राप्त हितग्राहियों से भी चर्चा की एवं उन्हें आगामी जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षाकर्मी के पद पर नियुक्त किये गए महेंद्र वाघेला से पूछा नियुक्ति में किसी तरह की परेशानी तो नही आई सब ठीक तरह से हो गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रतलाम के लायंस क्लब में स्थापित किए गए वैक्सीनेशन सेंटर का दौरा किया तथा यहां पर उन्होंने वेक्सीन लगवाने आए स्वामी देवस्वरूपानंदजी से चर्चा की तथा उनसे पूछा कि वह कौन सा डोज लगवा रहे हैं। स्वामी देवस्वरूपानंद ने बताया कि उनका यह दूसरा डोज है और उन्हें किसी तरह की कोई तकलीफ नहीं है। इसी तरह मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेटर सुश्री आरती राठौर और प्रीति गहलोत से भी चर्चा की तथा उनकी हौसला अफ़जाई की। मुख्यमंत्री ने रतलाम की रोबिन हुड आर्मी के कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की तथा उनसे पूछा कि वे किस तरह से गरीब लोगों की मदद करते हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक चेतन्य काश्यप, अधिकारीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### सीएम को हाथ पर राखी बांधी



रतलाम-सैलाना फोर लेन स्थित पेट्रोल पंप चौराहे पर पूर्व पार्षद व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सीमा टांक ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। साथ ही विधायक सभागृह के मंच पर अवैध कॉलोनियों को वैध करने पर सीमा टांक के नेतृत्व में रहवासियों ने 51 किलो फूलों की माला से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मंगलसिंह पंवार, किशनसिंह तंवर, रामबाबू यादव, आरएस केसरी, नितिन सोनी, सरोज सोलंकी, अर्चना पालीवाल, आशा सोनी आदि मौजूद थी। नवभारत

नवभारत 27/8/21

## मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेशन केन्द्रों का कि

# टीके लगवाने का किया आग्रह, बताय

### वैक्सीनेशन में लगे कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई कर क

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने आज यहां वैक्सीनेशन महाभियान के तहत संक्षिप्त प्रवास में तीन वैक्सीनेशन सेंटरों का अवलोकन किया। उन्होंने टीका लगवाने वाले लोगों तथा टीकाकरण में लगे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की। तुलसी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई चाय पी तथा उनसे चर्चा की। बरवड़ विधायक सभागृह में कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया और संबोधित कर सभी से आग्रह किया कि वे सितंबर तक पहला डोज लगवा लें और 31 दिसंबर तक उनका दूसरा डोज कम्पलीट हो जाए ताकि कोरोना से मुकाबला किया जा सके।

भोपाल से हेलिकॉप्टर द्वारा बंजली हवाई पट्टी पर पहुंचने पर उनका सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय, विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा सहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।



मुख्यमंत्री वृद्ध महिला का वैक्सीनेशन करवाते हुए।

### लायंस क्लब टीकाकरण केंद्र पर पहुंचे

लायंस क्लब में आयोजित किए गए टीकाकरण सत्र में जाकर उन्होंने वैक्सीन लगवा रहे हितग्राही से चर्चा की तथा यहां पर मौजूद कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना से नियुक्ति प्राप्त हितग्राहियों से भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने शिक्षाकर्मी के पद पर नियुक्त किए गए महेन्द्र बाघेला से पूछा कि नियुक्ति से कोई परेशानी तो नहीं आई। सब ठीक तरीक से हो गया। उन्होंने स्वामी स्वरूपानंदजी से चर्चा की, जो वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाने आए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। वैक्सीनेटर सुश्री आरती राठौर और प्रीति गेहलोत से भी चर्चा की तथा उनकी हौसला अफजाई की। रॉबिन हुड आर्मी के कार्यकर्ताओं से भी चर्चा कर पूछा कि वे किस तरह गरीबों की मदद करते हैं।



आयोजन को संबोधित करते सीएम चौहान।



कोरोना योद्धा का सम्मान करते

### मुख्यमंत्री ने वृद्ध महिला का वैक्सीनेशन करवाया

अलकापुरी कम्युनिटी हॉल स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर भी मुख्यमंत्री पहुंचे, यहां भी उन्होंने टीका लगवाने आई एक महिला से चर्चा की। उन्होंने वृद्ध महिला गेंदाबाई को देखा तो उनके पा[illegible]चे। वृद्ध महिला ने मोदीजी एवं शिवराजजी का [illegible]वाद बोला। मुख्यमंत्री ने वृद्ध महिला के वैक्सीनेशन के लिए हॉल के अंदर से वैक्सीनेटर बुलवाए और वैक्सीनेशन करवाया।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई चाय पी

अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में मौजूद ग्राम करमदी के तुलसी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं कला मकवाना, लक्ष्मी मकवाना आदि महिलाओं से चर्चा की तथा उनके द्वारा बनाई गई चाय पी। उन्हें चाय बहुत अच्छी लगी तथा स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों की जानकारी ली। उपस्थित जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह ने जिले के स्वयं सहायता समूह की आर्थिक गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही ड्यूटी पर तैनात महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक दिव्यांग अंतिम बाला खराड़ी से भी मुख्यमंत्री ने चर्चा कर उनकी हौसला अफजाई की।

स्वदेश 27/8/21

# मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया

85

## शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर की सराहना



रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम भ्रमण के दौरान व्यक्तियों को सम्मानित किया जिन्होंने रतलाम जिले में वैक्सीनेशन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य किया है।

स्थानीय बरबड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रतलाम के गोविंद काकानी, रॉबिनहुड मिशन, सोमेश पालीवाल, लोकेश वैष्णव, श्रीमती वंदना गुर्जर, रतलाम ग्रामीण की श्रीमती साधना समरथ पाटीदार, डेलनपुर के दशरथ भाटी, जावरा के पवन सोनी, ढोढर की श्रीमती ममता, ग्राम भूतड़ा के भरत मालवीय, ग्राम रियावन की श्रीमती संतोष सुरेश धाकड़, आलोट के वरदीचंद पाटीदार, ग्राम पंचायत डाबरिया की श्रीमती मुन्नीबाई, आलोट के अनिल चोपड़ा तथा भीलो की खेड़ी सैलाना की श्रीमती कंचनबाई कटारा को शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया, उनकी सेवाओं की सराहना की।

राजएक्सप्रेस 27/8/21

# टीकाकरण केंद्रों पर नागरिकों ने उत्साहपूर्वक टीका लगवाया



प्रसारण

जावरा निप्र.। कोरोना महामारी से निपटने एवं उससे बचाव का एकमात्र शस्त्र टीकाकरण ही है। संपूर्ण मध्यप्रदेश में 2 दिवसीय टीकाकरण अभियान में जावरा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में टीकाकरण केंद्रों पर नागरिकों ने उत्साहपूर्वक उपस्थित रहकर टीका लगवाया तथा शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने में अपनी सहभागिता प्रदान की। इस दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का भ्रमण भाजपा नेता अभय कोठारी रफीक मोहम्मद मुन्ना ने किया। जहां टीकाकरण केंद्र में उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया साथ ही टीकाकरण में अपनी सेवाएं दे रहे शासकीय कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया।

प्रसारण 27/8/21

**चुनाव अगले साल** • राजनीतिक दलों के साथ उम्मीदवारों के तेवर भी ठंडे पड़े

# 9 महीने और अफसर ही चलाएंगे नगरीय निकाय, मई में होंगे चुनाव

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

## नवंबर में अपडेट होगी विधानसभा और लोकसभा की वोटर लिस्ट

शिवेंद्र दुबे | रतलाम

दिसंबर 2019 से टलते आ रहे नगरीय निकाय चुनाव एक बार फिर आगे बढ़ गए हैं। सितंबर-अक्टूबर में चुनाव होने की उम्मीद थी जो अब नहीं होंगे। वजह, कोरोना की तीसरी लहर की आशंका है। सत्ताधारी भाजपा भी अभी चुनाव कराने के पक्ष में नहीं हैं। यह सब देखकर पार्षद और महापौर का चुनाव लड़ने के लिए दम भर रहे भाजपा व कांग्रेस के 400 से ज्यादा उम्मीदवारों के तेवर भी ठंडे पड़ गए हैं। अब कवायद अप्रैल-मई 2022 में चुनाव कराने की है। शहर के सभी 270 मतदान केंद्रों की मैपिंग करने की शुरुआत करके राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। अब चुनाव भी नई मतदाता सूची से होंगे क्योंकि नवंबर में विधानसभा और लोकसभा की मतदाता सूची अपडेट करने का प्रोग्राम जारी हो गया है। इसके अनुसार जनवरी-फरवरी में नगरीय निकायों की वोटर लिस्ट भी बदलेगी। अक्टूबर में निकाय चुनाव के लिए जारी अंतिम वोटर लिस्ट में 219843 मतदाता थे। दिसंबर 2019 में निकायों का कार्यकाल खत्म होने के बाद से अब तक रतलाम सहित प्रदेश के सभी 16 नगर निगम का कामकाज प्रशासक (कलेक्टर) संभाल रहे हैं।

## तैयारी : विस चुनाव में 258 नहीं 260 बूथ पर होगा मतदान

2023 अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार 260 बूथ पर मतदान होगा। 2018 में 258 केंद्रों पर मतदान हुआ था। वजह 300 से कम और 1500 से अधिक मतदाता संख्या का नियम है। इसके चलते भारत निर्वाचन आयोग ने कस्तूरबा नगर, मोती नगर और अर्जुन नगर में तीन मतदान केंद्र बढ़ा दिए हैं। वहीं घटला कॉलोनी का मतदान केंद्र कम कर दिया है। रेलवे द्वारा अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाने से घटला कॉलोनी में रहने वाले बहुत सारे मतदाता दूसरे बूथ में शिफ्ट हो गए हैं। इससे घटला कॉलोनी मतदान केंद्र की संख्या घटकर 300 से कम हो गई थी।

### पांचवीं बार टले नगरीय निकाय चुनाव

**नवंबर-दिसंबर 2019** - सत्ताधारी कांग्रेस परिसीमन में उलझी रही, मार्च में सरकार गिर गई।

**मार्च-अप्रैल 2020** - कोरोना की पहली लहर के चलते 22 से 31 मई तक लॉकडाउन रहा।

**नवंबर-दिसंबर 2020** - राज्य निर्वाचन आयोग ने पॉजिटिव केस ज्यादा आने पर चुनाव 20 फरवरी 2021 तक स्थगित कर दिए।

**फरवरी-मार्च 2021**- कोरोना की दूसरी लहर शुरू हो गई। अप्रैल-मई में लॉकडाउन रहा।

**अगस्त-सितंबर 2021** - विशेषज्ञों ने तीसरी लहर की आशंका जताई है। दूसरी लहर से बिगड़े हालात भी सामान्य नहीं हो पाए हैं।

***संगठन की तैयारी जारी***- *निकाय चुनाव अप्रैल-मई में ही होने की संभावना है। उम्मीदवार तय करने संगठन की तैयारी चल रही है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को अपडेट करने लगातार गतिविधियां भी जारी है।*
**दिनेश शर्मा,** स्थानीय निकाय चुनाव प्रभारी, भाजपा

***भाजपा नहीं चाहती चुनाव***- *हम तो तैयार हैं, भाजपा चुनाव तो कराए। अभी तो अफसर और नेता मिलकर निगम चला रहे हैं इसलिए भाजपा चुनाव नहीं कराना चाहती। उधर कोरोने की तीसरी की आशंका भी बनी हुई है।* -**महेंद्र कटारिया,** अध्यक्ष शहर कांग्रेस

भास्कर

दे. भास्कर 27/8/21




# सितम्बर तक सभी को कोविड वैक्सीन का पहला लगा दिया जाएगा-श्री शिवराजसिंह चौहान

देश में
गों को
कसर
स्थित
वालों
प्रभारी
धायक
वाना,
परमेश
श्री
एगा।
जाकर
एंगे।
ई भी
तों के
का
जिला

## मुख्यमंत्री ने रतलाम में किया कोविड वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग करने वालों का सम्मान

बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत लोगों को सेकेण्ड डोज भी लग जाए, जिससे कि सभी को कोरोना का पूरा सुरक्षा कवच मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रतलाम में मेडिकल कालेज की स्थापना की, इसका लाभ न केवल रतलाम जिले बल्कि मंदसौर, नीमच, झाबुआ आदि आसपास के जिलेवासियों को भी कोरोना काल में उपचार के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में हमने बहुत कष्ट भोगा है, अब हमको सतर्क रहना है, कोरोना से बचना है तो सावधानी रखना पडेगी। दूसरा उपाय शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन है। कोरोना से सुरक्षा कवच चाहिए तो एकमात्र उपाय है टीकाकरण।

मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि रतलाम में अभी 70 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ है, 30 प्रतिशत शेष बचे हैं। जिले में 7.34 लाख लोगों को प्रथम डोज लगा है, जबकि 11 लाख 1 हजार लोगों को प्रथम डोज लगना है। दूसरा डोज 1 लाख 40 हजार लोगों को लगा है।

उन्होंने रतलामवासियों से आह्वान किया कि कोई भी पहला डोज लगवाकर निश्चित न हो जाए। पहले के बाद दूसरा डोज लगवाना भी जरुरी है। सुरक्षा कवच के लिए कोविड वैक्सीन के दोनों डोज लगवाना जरुरी है जो पहले डोज से बचे हैं वे पहला डोज लगवाएं और जिन्होंने पहला डोज लगवाया है वे दूसरा डोज भी अवश्य लगवा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है, परन्तु दोनों डोज वैक्सीन लगने के बाद संक्रमण की गंभीरता कम हो जाएगी। किसी के परिवार में यदि कोई शेष बचा हो तो उसे भी दोनों डोज वैक्सीन के लगवाएं।

मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन के महाभियान में सक्रिय सहयोग करने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं आदि सभी को धन्यवाद देते हुए कि वे लोगों के जीवन की सुरक्षा के पुनीत कार्य में जुटे हुए हैं। आगे भी इस कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया, सांसद श्री डामोर, विधायक शहर श्री काश्यप, श्री मकवाना, डा. पाण्डेय एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। श्री काश्यप ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि टीकाकरण महाभियान में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व में देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि रतलाम जिला सभी के समन्वित प्रयासों से शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। सांसद श्री गुमानसिंह डामोर ने कहा कि मुख्यमंत्रीजी के विशेष प्रयासों से प्रधानमंत्रीजी ने प्रदेश को सर्वाधिक वैक्सीन के डोज उपलब्ध कराए है, जिससे कि सभी प्रदेशवासी टीकाकरण करवाकर कोरोना से सुरक्षा कवच प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, श्री जितेन्द्र गेहलोत, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री मथुरालाल डामोर, श्री धूलजी चौधरी, श्री निमिष व्यास, श्रीमती सीमा टांक, श्री के.के. सिंह कालूखेडा, श्री शैलेन्द्र डागा, श्री नारायण मईडा, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इन्द्रजीत बाकलवाल, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया।

# वैक्सीनेशन महा अभियान : जिले में एक दिवस में रिकॉर्ड 70 हजार टीके लगाए गए

**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**

कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान के तहत 25 अगस्त को रतलाम जिले में नया रिकॉर्ड बनाया गया। अभियान के प्रथम दिवस 25 अगस्त को जिले में रिकॉर्ड 70 हजार टीके लगाए गए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने विभिन्न टीकाकरण केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी के साथ थे। इसके अलावा नियुक्त अन्य सभी अधिकारियों द्वारा भी व्यक्ति नेशन सेंटर्स पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की गई।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि वैक्सीनेशन महा अभियान 2 के लिए राज्य शासन द्वारा जिले को अभियान के प्रथम दिवस 38000 टीके लगाने का लक्ष्य दिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा लक्ष्य में वृद्धि का आग्रह किया गया तब राज्य शासन द्वारा



60,000 का लक्ष्य दिया गया परंतु रतलाम जिले में सबके सहयोग से 25 अगस्त को 70000 टीके लगाए गए जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। कलेक्टर ने आग्रह किया है कि अब तक जो भी व्यक्ति टीके से वंचित हैं वे 26 अगस्त को महा अभियान के दूसरे दिवस अपने वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर टीका लगवाएं तथा जिले को कोरोना मुक्त करने में सहयोग करें।

सिंघम 26

## जमातखाने सेंटर पर 440 लोगों ने वैक्सीनेश करवाया



रतलाम। बुधवार को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत शैरानी पुरा जमातखाने सेंटर पर 440 लोगों ने वैक्सीनेश करवाया। इसअवसर पर भाजपा कोविड प्रभारी सोमेश पालीवाल, स्वास्थ्य विभाग वैक्सीनेशन जिला प्रभारी लोकेश वैष्णव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल उपाध्यक्ष मुबारिक शैरानी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री मंनसुर जमादार मशरूफ शैरानी, अजगर भाई, वैक्सीनेटर मनीषा वर्मा, वेरीफाई पंकज साहनी, सूरज पांचाल,नईम शैरानी, दरोगा वहाब कप्तान, मोहसिन [illegible]

सिंघम 26

सिंघम 26/8/21




# मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए वैक्सीनेशन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले

**रतलाम।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम भ्रमण के दौरान व्यक्तियों को सम्मानित किया, जिन्होंने रतलाम जिले में वैक्सीनेशन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य किया है। स्थानीय बरबड़ विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रतलाम के गोविंद काकानी, रॉबिनहुड मिशन, सोमेश पालीवाल, लोकेश वैष्णव, श्रीमती वंदना गुर्जर, रतलाम ग्रामीण की श्रीमती साधना समरथ पाटीदार, डेलनपुर के दशरथ भाटी, जावरा के पवन सोनी, ढोढर की श्रीमती ममता, ग्राम भूतड़ा के भरत मालवीय, ग्राम रियावन की श्रीमती संतोष सुरेश धाकड़, आलोट के वरदीचंद पाटीदार, ग्राम पंचायत डाबरिया की श्रीमती मुन्नीबाई, आलोट के अनिल चोपड़ा तथा भीलो की खेड़ी सैलाना की श्रीमती कंचनबाई कटारा को शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया, उनकी सेवाओं की सराहना की।

प्रसारण 27/8/21

# मप्र में टीकाकरण महाअभियान -2 40 लाख लोगों को लगाया टीका

भोपाल ● मध्यप्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन के लिए 25 और 26 अगस्त को चलाये गए 2 दिवसीय टीकाकरण महाअभियान-2 में 40 लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

महाअभियान-2 के पहले दिन 25 अगस्त को 24 लाख से अधिक और दूसरे दिन 26 अगस्त को 16 लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन डोज लगाई गई है। कोरोना महामारी पर कारगर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार ने टीकाकरण महाअभियान-2 चलाकर एक और सफलता प्राप्त की है। प्रदेश में वैक्सीनेशन को

## पहले दिन 24 लाख और दूसरे दिन 16 लाख से अधिक डोज लगाई

बढ़ाने के लिए 25 और 26 अगस्त को टीकाकरण महाअभियान-2 संचालित किया गया। 2 दिवसीय इस महाअभियान में अब तक 40 लाख 70 हजार 125 व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। महाअभियान के पहले दिन 25 अगस्त को सर्वाधिक रिकॉर्ड 24 लाख 20 हजार 374 व्यक्तियों को वैक्सीन डोज लगाई गई, जबकि इस दिन 21 लाख 30 हजार वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया था।

स्वदेश

स्वदेश 27/8/21

# रतलाम में सीएम शिवराज ने बरबड़ टीकाकरण केंद्र का किया अवलोकन, लोगों से की चर्चा

रतलाम, (आरएनएन)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वैक्सीनेशन महाअभियान के दूसरे दिन रतलाम पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री सिंह ने रतलाम के अलकापुरी कम्युनिटी हॉल स्थित वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन किया एवं टीका लगवाने आए नागरिकों से चर्चा की, मुख्यमंत्री ने परिसर में मौजूद ग्राम करमदी की तुलसी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके द्वारा बनाई गई चाय का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा- आजीविका समूह अच्छा काम कर रहे हैं। मेहनत करने वाले कभी पीछे नही रहते। मेहनत करो, आगे बढ़ो। यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा है कि आप यहां आज एक संकल्प लें कि 30 सितंबर तक रतलाम जिला 100 प्रतिशत वैक्सीनेट हो जाए और 31 दिसंबर तक दूसरा डोज लग जाए, मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वैक्सीनेशन हो गया तो जिंदगी सुरक्षित हो जाएगी और जीवन सफल हो जाएगा।आज मैं रतलाम से पूरे मध्यप्रदेश को संदेश देने आया हैं कि कोरोना वायरस अभी खत्म नही हुआ है। आज भी पॉजिटिव केस आ रहे हैं।

राज एक्सप्रेस 27/8/21

ने वैक्सीनेशन केन्द्रों का किया अवलोकन

15.08.21

# ा आग्रह, बताया टीकाकरण का महत्व

## ों की हौसला अफजाई कर कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया



ए।



महिला समूह द्वारा बनाई गई चाय पीते मुख्यमंत्री।





कोरोना योद्धा का सम्मान करते श्री चौहान।

मकवाना, लक्ष्मी मकवाना आदि महिलाओं से चर्चा की तथा उनके द्वारा बनाई गई चाय पी। उन्हें चाय बहुत अच्छी लगी तथा स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों की जानकारी ली। उपस्थित जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह ने जिले के स्वयं सहायता समूह की आर्थिक गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही ड्यूटी पर तैनात महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक दिव्यांग अंतिम बाला खराड़ी से भी मुख्यमंत्री ने चर्चा कर उनकी हौसला अफजाई की।

### कोरोना योद्धाओं का सम्मान

बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में उन्होंने कोरोनाकाल में सराहनीय सेवा देने वाले कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर उनकी सेवाओं की सराहना की, जिसमें गोविंद काकानी, रॉबिन हुड मिशन, सोमेश पालीवाल, लोकेश वैष्णव, श्रीमती वंदना गुर्जर, रतलाम ग्रामीण की श्रीमती साधना समरथ पाटीदार, डेलनपुर के दशरथ भाटी, जावरा के पवन सोनी, ढोढर की श्रीमती ममता, ग्राम भूतड़ा के भरत मालवीय, ग्राम रियावन की श्रीमती संतोष सुरेश धाकड़, आलोट के वरदीचंद पाटीदार, ग्राम पंचायत डाबरिया की श्रीमती मुन्नीबाई, आलोट के अनिल चोपड़ा तथा भीलों की खेड़ी, सैलाना की श्रीमती कंचनबाई कटारा सम्मानित हुए। इस दौरान जिले के विधायक चेतन्य काश्यप, डॉ. राजेन्द्र पांडेय, दिलीप मकवाना, पूर्व मंत्री धुलजी चौधरी, पूर्व ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामोर, आलोट के पूर्व विधायक जितेन्द्र गेहलोत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन चोटाला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। लगभग दो घंटे के प्रवास के बाद मुख्यमंत्री बंजली हवाई पट्टी से इंदौर के लिए प्रस्थित हो गए। रतलाम आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत के लिए मंच भी बनाए गए थे।

### मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से सील लगााई

मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेशन करवाने आई महिला निर्मला के हाथ पर सेकेंड डोज कोविशील्ड लगवाने की सील भी अपने हाथ से लगाई।

8/21

# मुख्यमंत्री आज शहर में : कलेक्टर- एसपी ने किया वैक्सीनेशन सेंटर्स का किया निरीक्षण

**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज 26 अगस्त को रतलाम आएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने रतलाम शहर के वैक्सीनेशन सेंटर्स का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री रतलाम भ्रमण के दौरान वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन करेंगे। कलेक्टर-एसपी ने बरबड़ स्थित विधायक सभागृह, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल, राजस्व कालोनी के वैक्सीनेशन सेंटर्स की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एडिशनल एसपी सुनील पाटीदार, डा. इन्द्रजीत बाकलवार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।



कलेक्टर श्री पुरुषोतम ने इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन सेंटर्स के आसपास समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इन स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित होने वाले लोगों को व्यवस्थित रूप से वैक्सीनेशन के लिए पहुंचने का मार्ग निर्धारित किया जाए। साथ ही वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित सभी व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था भी पर्याप्त करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सिंघम 26

सिंघम 26/8/21

आज से 15 सितंबर तक शहर में 286 दल करेंगे सघन सर्वे

# तीन दिन में डेंगू के 12 नए मरीज, अमला लापरवाह

**रतलाम।** डेंगू को लेकर जिले में स्थिति बिगड़ती जा रही है। सर्वाधिक मामले शहर में हैं, लेकिन यहां कीटनाशक छिड़काव के बाद भी स्थिति नियंत्रित नहीं हो रही है। तीन दिन में 12 नए मरीज मिले हैं, जिनमें गुरुवार को 19 सैंपल जांच में आए चार मरीज भी शामिल हैं। अब कुल मरीजों की संख्या 180 हो गई है। आनंद कालोनी क्षेत्र में एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए इंदौर ले जाया गया है।

बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग आज से शहर में फिर से फीवर सर्वे करवाएगा। इसमें घर-घर जाकर बुखार के सर्वे के साथ ही लार्वा पनपने वाले कारणों की जांच भी होगी। पहले हुए सर्वे में सर्वे दल की लापरवाही और हड़ताल के चलते अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए। अब 20 दिन के सर्वे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की 286 टीम शहर के 49 वार्डों में दौरा करेगी। इस दौरान पानी



जमा होने वाले स्थानों की जांच कर लार्वा मिलने पर नष्ट करवाया जाएगा। हर घर के सदस्यों के स्वास्थ्य की स्थिति भी रिपोर्ट में दर्ज की जाएगी।

बीमारी बढ़ने के बाद भी लोग घरों में पानी जमा होने वाले स्थानों पर सफाई करवाने और दवा छिड़काव को लेकर जागरूक नहीं हैं। विभागीय अमला भी दवा कीटनाशक छिड़काव को लेकर औपचारिकता निभा रहा है। नगर निगम द्वारा सभी 49 वार्डों में अलग से एक-एक कर्मचारी को लगाया है, लेकिन इसका असर नहीं हो रहा है।

नईदुनिया

नईदुनिया 27/8/21

# दो दिन में 1.16 लाख टीके लगाए

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** दो दिन के टीकाकरण महाअभियान में जिले में कुल 116934 टीके लगाए गए। इसमें 100510 लोगों को पहला डोज व 16424 लोगों को दूसरा डोज लगाया गया। जिले में अब तक कुल 922706 टीके लगाए जा चुके हैं। इसमें 775292 लोगों को पहला व 147414 को दूसरा डोज लग चुका है।

दो दिवसीय अभियान में पहले दिन बुधवार को 8308 लोगों को दूसरा डोज व 59996 को पहला डोज लगाया जबकि गुरुवार को दूसरा डोज लगवाने वालों की संख्या 8116 व 40514 को पहला डोज लगाया गया। जिले में कुल 11 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। इस मान से करीब 70 प्रतिशत लोगों को पहला टीका लग चुका है।

**वयोवृद्ध राव दंपती ने लगवाया टीका**

टीकाकरण विशेष अभियान में 92 वर्षीय सेवानिवृत्त असिस्टेंट सुप्रीटेंडेंट पोस्ट एंड टेलीग्राफ रतलाम बलभद्रसिंह राव और 91 वर्षीय ओम राव ने लायंस



रेडक्रास भवन में कोरोना का दूसरा टीका लगवाते युवक। ● नईदुनिया

हाल में दूसरा टीका लगवाया। उन्होंने कहा कि कोविड में हमने अपने जवान बेटे को खोया है। आप किसी को न खोएं। इसलिए टीका जरूर लगवाएं। दिखने-चलने में असमर्थ राव दंपती को कार में ही आरती राठौर ने टीके लगाए। स्थानीय टीम व पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा का विशेष सहयोग रहा। पुत्र डा. प्रदीपसिंह राव ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

नईदुनिया

नईदुनिया 27/8/21

## 13 दिन बाद हमारे जिले में 1 पॉजिटिव मिला

**रतलाम |** कोरोना के लगातार 0 संक्रमित मिलने का सिलसिला गुरुवार को टूट गया। जिले में 13 दिन बाद एक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिले में एक्टिव केस भी 0 हो गए थे, जो अब एक हो गए हैं। गुरुवार को गुणावद के 47 साल के पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। गुरुवार को ही उनका सैंपल भी हुआ था। जिले में अब तक कुल 17503 पॉजिटिव मिल चुके हैं। राहत की बात यह है कि इनमें से 17191 लोग ठीक भी हो गए हैं। जिले में अब तक 311 लोगों की कोरोना के कारण मौत हो चुकी है। हालांकि कोरोना के मामले में अभी राहत है, मई महीने में 1 दिन में 300 से ज्यादा पॉजिटिव भी मिल रहे थे। भास्कर

दै. भास्कर 27/8/21

# मप्र के एक करोड़ से ज्यादा परिवार देश में कहीं से भी ले सकेंगे खाद्यान्न

## वन नेशन-वन राशनकार्ड योजना में दर्ज हुए हितग्राहियों के आधार नंबर

नईदुनिया खबर पर नजर

**1.15** करोड़ परिवारों में से 98 फीसद के आधार नंबर फीड किए गए

**4.90** करोड़ हितग्राही हैं वन नेशन-वन राशनकार्ड योजना के तहत

**3.5** हजार परिवारों को दूसरे राज्यों से राशन लेने की मिली पात्रता

**40** लाख परिवारों ने प्रदेश में दूसरे जिले से लिया खाद्यान्न

वैभव श्रीधर • भोपाल

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ता प्रदेश सहित देश में कहीं भी अपने हिस्से का खाद्यान्न ले सकते हैं। केंद्र सरकार की वन नेशन-वन राशनकार्ड की मंशा को शिवराज सरकार ने पूरा करते हुए एक करोड़ 15 लाख परिवारों (चार करोड़ 90 लाख हितग्राही) में से 98 फीसद के आधार नंबर लेकर डाटा सीडिंग का काम पूरा कर लिया है। इसकी वजह से प्रदेश के तीन हजार 543 परिवारों के अन्य प्रांतों में पात्रता अनुसार खाद्यान्न मिल सकता है। वहीं, अन्य राज्यों के एक हजार 868 परिवारों ने प्रदेश में इस सुविधा का लाभ उठाया है। 40 लाख परिवारों ने प्रदेश के अंदर दूसरे जिले और दूसरी दुकानों से राशन लिया है। इस कदम से न सिर्फ उपभोक्ताओं को खाद्यान्न लेने में आसानी हुई है बल्कि गड़बड़ियां भी रुकी हैं।

कोरोना काल में प्रभावित अर्थव्यवस्था को गति देने और व्यवस्थागत सुधार के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुनियादी सुधार का मंत्र प्रदेशों को दिया था। इसमें वन नेशन-वन राशनकार्ड की अवधारणा भी एक थी। इसके लिए जरूरी कदम उठाने पर प्रदेश को लगभग दो हजार 700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण मिल सकता था। इस मौका का लाभ उठाते हुए शिवराज सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए सभी उपभोक्ताओं के आधार नंबर लेकर डाटा बेस तैयार किया। केंद्र सरकार के डाटा बेस से ऐसे नामों को चिह्नित कराया, जिनके नाम दो जगह थे। एक जगह से नाम हटाकर सूची तैयार की गई। 25 हजार 400 उचित मूल्य की राशन दुकानों में से आठ सौ दुकानों (नेटवर्क की समस्या के कारण) को छोड़कर सभी को आनलाइन किया गया ताकि कोई भी व्यक्ति कहीं से भी राशन ले सके। नईदुनिया

### दूसरे राज्य गए उपभोक्ताओं को मिल गया वहां राशन



इसका फायदा यह हुआ कि रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य गए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को पात्रता अनुसार दूसरे राज्यों में राशन मिल गया। ऐसा ही प्रदेश में दूसरे राज्यों के उपभोक्ताओं के साथ भी हुआ। साथ 40 लाख परिवारों ने निर्धारित उचित मूल्य की दुकान या जिले की जगह दूसरे स्थानों से राशन प्राप्त किया। इस व्यवस्था का एक फायदा यह और हुआ कि उपभोक्ता की पहचान सुनिश्चित हो गई क्योंकि सबके आधार नंबर डाटा बेस में दर्ज हैं। इसमें अब कोई व्यक्ति किसी और का राशन नहीं ले सकता है। खाद्य संचालक तरुण कुमार पिथोड़े का कहना है कि मध्य प्रदेश ने प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था में सुधार का काम किया है।

नईदुनिया 27/8/21

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है। इसी के तह 24 अगस्त को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर राज-विजय फुलमण्डी हरमाला रोड पर 500, कोरियर ऐजेन्सी महू रोड पर 500, मदन अम्बेडकर नगर पर 250 व इकबाल फुलमण्डी हरमाला रोड पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनय चौहान द्वारा की गई। साथ ही आमजनों से कचरा फैलाने वालों की सूचना देने की अपील की।

नवभारत 27/8/21

## एक और नया पाजिटिव केस

रतलाम। लंबे समय बाद जिले में गुरुवार को एक नया पाजिटिव केस सामने आया। एक भी मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या एक से बढ़कर दो हो गई है। जिले में अब तक 17503 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17190 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। जिले के ग्राम गुणावद निवासी 47 वर्षीय युवक की रिपोर्ट पाजिटिव आई।

## 1.73 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार व गुरुवार को 1.73 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 82335, काम्पेक्टर सूखा कचरा 32595, काम्पेक्टर गीला कचरा 55430, मैजिक से 2690 किलो इस तरह कुल 173050 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## गंदगी फैलाने वाले चार लोगों से जुर्माना वसूला

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व जोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर वैभव जैन नाहरपुरा से 2500, श्रवण कुमार-भवंरसिंह महू रोड से 500, राकेश व लोकेंद्र माली दो बत्ती से 250-250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी पर्वत हाड़े द्वारा की गई।

नईदुनिया 27/8/21